## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. केन्द्रीय मंत्री सर्बानन्द सोनोवाल ने कहा एन डी ए सरकार की परिवर्तनकारी नीतियों से राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल ढुलाई साढ़े चौदह करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची।

2. वैश्विक जैविक कृषि में सशक्त पहचान के लिए भारत को जर्मनी में बायोफैच दो हजार छब्बीस के लिए वर्ष का सर्वश्रेष्ठ देश का सम्मान मिला।

3. हर जन हर मन वित्तीय ज्ञान से सम्पन्न अभियान के अंतर्गत प्रातरापुर में महिला स्वयं सहायता समूह के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

4. दक्षिण अंडमान के बम्बूफ्लाट, विम्बर्लीगंज, फरारगंज और जिरकाटांग सहित विभिन्न क्षेत्रों में कल विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय पत्तन पोत, परिवहन और जलमार्ग मंत्री सरबानंद सोनोवाल ने कहा है कि एनडीए सरकार की परिवर्तनकारी नीतियों के कारण देश ने वर्ष 2024–25 में राष्ट्रीय जलमार्गों पर रिकॉर्ड चौदह करोड़ साठ टन माल ढुलाई हासिल की है। ये वर्ष 2013–14 में एक करोड़ इक्यासी लाख टन थी। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान श्री सोनोवाल ने कहा कि पिछले दस वर्ष में अंतर्देशीय जलमार्गों पर एक हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है, जो यूपीए सरकार के दौरान केवल एक सौ तिरासी करोड़ रुपये था। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एक सौ ग्यारह जलमार्ग चल रहे हैं, जो देश में लॉजिस्टिक लागत को कम करने में सहायक हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने "समावेशी विकास" के विजन को बढ़ावा देते हुए ननकौड़ी द्वीप समूह में चैम्पिन जेट्टी से तपोंग गांव को जोड़ने वाली ग्रामीण सड़क के व्यापक उन्नयन के लिए चार दशमलव एक नौ करोड़ रुपये की स्वीकृति और व्यय को अपनी मंजूरी दे दी है। यह चार दशमलव छह आठ किलोमीटर लंबा सड़क खंड स्थानीय जनजातीय समुदाय के लिए एक जीवन रेखा है। इसके तहत सात आरसीसी पुलिया का निर्माण और दो हजार आठ सौ मीटर साइड ड्रेन बनाया जाएगा। दो हजार अठारह में

बनी यह सड़क भारी मानसून और जलभराव के कारण अकसर खराब हो जाती थी। अब इसे 'क्लाइमेट–रेजिलिएंट' बनाया जा रहा है। इसके बन जाने से लगभग एक हजार तीन सौ निवासियों को सुचारू और सुरक्षित वाहन आवागमन की सुविधा मिलेगी। यह परियोजना अंडमान लोक निर्माण विभाग की देखरेख में जल्द ही शुरू की जाएगी।

<><><><><><><>

जर्मनी के नूरेमबर्ग में आयोजित जैविक उत्पादों के विश्व के अग्रणी व्यापार मेले बायोफैच 2026 में भारत को प्रतिष्ठित 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ देश' का सम्मान प्रदान किया गया है। यह सम्मान चौदह वर्षों के बाद वैश्विक जैविक कृषि के केंद्र में भारत की वापसी का प्रतीक है। बायोफैच 2026, तेरह फरवरी तक चलेगा।

<><><><><><><>

कल पत्रकारों के एक दल ने सिप्पीघाट स्थित बागवानी अनुसंधान फार्म का भ्रमण किया। इकतालीस सदस्यीय इस प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ के बारह तथा तमिलनाडु के उनतीस पत्रकार शामिल थे। दल का नेतृत्व प्रधानमंत्री संचार प्रकोष्ठ एवं पीआईबी चेन्नई के निदेशक अरुण कुमार तथा पीआईबी रायपुर के उप निदेशक रमेश जयभाये ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत आईसीएआर–सीआईएआरआई के निदेशक डॉ. जय सुंदर के स्वागत संबोधन से हुई। इसके बाद वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजित अरुण वामन ने प्रतिनिधियों को फार्म का भ्रमण कराया और कृषि–पर्यावरण पर्यटन गतिविधियों की जानकारी दी। बत्तीस हेक्टेयर क्षेत्र में फैला यह फार्म रोपण फसलों, उष्णकटिबंधीय फलों, मसालों और सजावटी पौधों की विविधता के लिए प्रसिद्ध है। भ्रमण का मुख्य आकर्षण विश्व नारियल जर्मप्लाज्म केंद्र रहा, जहाँ एशिया–प्रशांत और निकोबार द्वीप समूह से प्राप्त लगभग एक हजार नारियल पौधों का संरक्षण किया गया है।

<><><><><><><>

कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक एवं न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता 16 फरवरी से 2 मार्च तक पोर्ट ब्लेयर में सर्किट कोर्ट में कार्य करेंगे। इस दौरान निर्धारित मामलों की सुनवाई की जाएगी, जिससे अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के वादकारियों को स्थानीय स्तर पर न्यायिक सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। न्यायालय प्रशासन ने अधिवक्ताओं, वादकारियों तथा संबंधित पक्षों से अपील की है कि वे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने मामलों की तैयारी सुनिश्चित करें।

<><><><><><><>

प्रातरापुर के पंचायत समिति कार्यालय में महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए वित्तीय और कर साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम "हर जन, हर मन, वित्तीय ज्ञान से संपन्न" के दृष्टिकोण के अंतर्गत समावेशी वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक विकास अधिकारी, गुरजीत कौर ने किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य एसएचजी सदस्यों को सशक्त बनाना और उन्हें घरेलू वित्तीय प्रबंधन के साथ–साथ औपचारिक वित्तीय प्रणाली में भागीदारी के लिए सक्षम करना था।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग की ओर से सभी मछुआरों, मछली पकड़ने वाली नौकाओं के मालिकों और संबंधित हितधारकों के लिए "भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र में मत्स्य पालन का सतत दोहन नियम, 2025" के बारे में अधिसूचना जारी की गई है। विभाग ने बताया कि यह नियम द्वीप समूह के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत के कुल EEZ का लगभग एक–तिहाई हिस्सा इसी क्षेत्र में आता है। इस अधिसूचना के अंतर्गत अनन्य आर्थिक क्षेत्र में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए 'एक्सेस पास' का होना अनिवार्य है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। सभी पात्र नौका मालिकों को ReAlCraft पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन जमा करना होगा। इससे गहरे समुद्र में संचालन के दौरान मछुआरों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत कार्य किए जाने के कारण कल बिजली आपूर्ति निलंबित रहेगी। विभाग के अनुसार विम्बर्लीगंज क्षेत्र में इंटरकनेक्शन कार्य, फरारगंज में चार पोल संरचना में एबीसी सेटिंग कार्य तथा मंग्ला पहाड में पोल शिफ्टिंग का कार्य प्रस्तावित है। इन कार्यों के चलते कल सुबह आठ बजे से दोपहर 2 बजे तक एसबीएफजी फीडर और पीवी फीडर से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली कटौती के दौरान बी फ्लैट सब स्टेशन से टंकी पहाड, टंकी पहाड से विम्बर्लीगंज, शोल बे का संपूर्ण क्षेत्र, विम्बर्लीगंज से फरारगंज, जिरकाटांग का संपूर्ण क्षेत्र, शोर प्वाइंट, गोविंदापुरम से विम्बर्लीगंज, लम्बा पहाड़ तथा कन्या पुरम क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

<><><><><><><>

पिछले वर्ष मई में आयोजित डॉ. बी आर अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में विभिन्न ग्रुप बी अराजपत्रित पदों की कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल हुए सभी अभ्यर्थियों की चयन एवं प्रतीक्षा सूची को प्रशासनिक

कारणों से रद्द कर दिया गया है। नई सूची ई भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है, जिसे अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से देख सकते हैं।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर के शैक्षणिक सत्र 2018–19 के स्नातक विद्यार्थियों के स्नातक डिग्री प्रमाण पत्र पांडिचेरी विश्वविद्यालय से प्राप्त हो गए हैं। सभी विद्यार्थी अपने डिग्री प्रमाण पत्र कॉलेज के प्रवेश एवं परीक्षा विभाग से प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

साउथ अंडमान ज़ोन के विद्यार्थियों के लिए इंटर प्राइमरी स्कूल फुटबॉल लीग–कम नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। भातूबस्ती स्कूल मैदान में आज खेले गए लड़कों के वर्ग में –साउथ प्वाइंट, डेरी फार्म, डॉलीगंज, सागरीतारा, भातूबस्ती और हैड्डो स्कूल की टीमों ने अपने–अपने मैच जीते। इस बीच गर्ल्स स्कूल मैदान में खेले गए लड़कियों के वर्ग में डेरी फॉर्म, प्रातरापुर और हम्फ्रीगंज स्कूल की टीमों ने अपने–अपने मैचों में जीत हासिल की।

<><><><><><><>